ISSN 2350-0980

राजस्थान विश्वविद्यालय महिला संस्था – रूवा

शक्ति

January 2019 - December 2019

"नारी सशक्तता की ओर बढ़ते कदम, रूवा के संग"



RUWA in Action

RUWA in Action

ISSN 2350-0980

राजस्थान विश्वविद्यालय महिला संस्था, जयपुर

राजस्थान संस्थान रजिस्ट्रीकरण अधिनियम, 1958 के अन्तर्गत रजि. नं. 417/82-83 द्वारा रजिस्टर्ड

शिशु नीड में मनाया बच्चों के साथ उत्सव

जयपुर। राजस्थान विश्वविद्यालय वूमेंस एसोसिएशन की ओर से शिशु नीड में बच्चों के साथ रावण दहन किया गया। इस मौके पर बच्चों ने एक से बढ़कर एक शानदार प्रस्तुतियां दी और गीत-संगीत के माध्यम से समां बांध दिया। एसोसिएशन की अध्यक्ष डॉ. अलका राव और शिशु नीड की संयोजक प्रो. नीरा श्रीवास्तव ने कहा कि विजयदशमी का उत्सव असत्य पर सत्य की विजय है, जो हमें अंधेरे से उजाले की ओर जाने की प्रेरणा देता है। इस मौके पर एसोसिएशन की सचिव डॉ. प्रेरणा पुरी, प्रो. सुदेश बत्रा, प्रो. लाड कुमारी जैन, डॉ. सरोजनी और डॉ. भारती चौहान ने भी अपने विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम का संचालन डॉ. पारुल मेहरा ने किया।

सतर्कता जागरूकता सप्ताह आयोजित

जयपुर ◆ राजस्थान विश्वविद्यालय महिला संस्था की (रूवा)ओर से संचालित परिवार परामर्श केंद्र ने इमानदारी एक जीवन शैली थीम पर सतर्कता जागरूकता सप्ताह -2019 का आयोजन किया। आयोजन के तहत व्याख्यान में स्टेट बैंक ऑफ बीकानेर की पूर्व प्रबंधक जॉली चक्रवर्ती, आरयू की पूर्व व्याख्याता डॉ.जोया चक्रवर्ती ने अपने व्याख्यान दिए। शुक्रवार को आयोजित वादविवाद प्रतियोगिता में 11 प्रतिभागियों सहित 30 सदस्यों ने भाग लिया। कार्यक्रम में रूवा अध्यक्ष डॉ.अलका राव ने भी अपने विचार रखे। प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर मनीषा, चिया जायसवाल द्वितीय व राजेश्वरी को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। अंत में विजेताओं को पुरस्कार प्रदान किए गए।

मानसिक स्वास्थ्य पर हुई कार्यशाला

डेली न्यूज, mix रिपोर्टर, जयपुर। राजस्थान यूनिवर्सिटी महिला संस्था (रूवा), स्वाधार गृह (शक्ति स्तम्भ) और डीजीसीएफ की ओर से कार्यशाला का आयोजन किया गया। 'अभिव्यंजक कला के माध्यम से समुत्थान शक्ति का निर्माण' विषय पर हुई इस कार्यशाला में मुख्य वक्ता के तौर पर संयुक्त राज्य अमरीका की इंटरनेशनल ख्याति प्राप्त मंजू जैन ने अपने विचार रखे।

कार्यक्रम में विभिन्न कलात्मक गतिविधियों के माध्यम से आंतरिक शक्तियां को पहचानने का प्रयास किया गया। कार्यक्रम में रूवा अध्यक्ष प्रोफेसर अलका राव ने मेडिकल और हेल्थ सेल की कन्वीनर प्रो. मालती गुप्ता, शक्ति स्तंभ की संयोजक डॉ. शशिलता पुरी, डीजीसीएफ की चेयरपर्सन डॉ. मीता सिंह , श्यामा शारदा, निधि शर्मा और डॉ. कोकिला जैन सहित अन्य मेंबर्स ने अपने विचार रखे। कार्यक्रम के दौरान डॉ. मालती गुप्ता ने अपने विचार रखे। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में मानसिक स्वास्थ्य के प्रति जागरुकता अति आवश्यक है।

सम्पादन एवं अंक संकल्पना : नीलिमा टिक्कू

सहयोग : डॉ. अलका राव

रूवा कार्यालय/शक्ति-स्तम्भ

सतीश चन्द्र अग्रवाल वाचनालय

पं. दीनदयाल उपाध्याय सर्किल, जनता कॉलोनी, जयपुर - 302 004

फोन : 0141-2601261, 2609737

ई-मेल : ruwa.ruwa1987@gmail.com वेबसाइट : www.uniraj.ernet.in

Printed at : Shri Parshva Art Printers Mob. : 9829126291, 9413973765